# फतेहगढ़ पुलिस

**प्रेस नोट – महिला सशक्तिकरण**

**साइबर क्राइम फतेहगढ़**

**दिनांक :- 30.09.2025**

## थाना साइबर क्राइम द्वारा महिला के साथ हुई साइबर ठगी की 14,010.34 रूपये की धनराशि त्वरित कार्यवाही करते हुए वापस करायी गयी।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री हरीश चन्दर** के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **डा0 संजय सिंह** व क्षेत्राधिकारी क्राइम **श्री अजय वर्मा** के नेतृत्व में साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व **मिशन शक्ति 5.0** के क्रम में साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस के द्वारा साइबर थाना पर एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या **23105250074981** पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ठगी हुई धनराशि 19,000 रूपये में से 14,010.34 रूपये आवेदिका के बैंक खाता में वापस कराये गये।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** आवेदिका के पास व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें कॉलर ने बताया था कि वह आवेदिका के पिता का दोस्त बोल रहा है और वह आवेदिका को उधार लिए हुए 2,000 रूपये वापस करना चाहता है जिसके बाद कॉलर ने फर्जी बैंक का 20,000 रूपये का अमाउंट क्रेडिट का मैसेज भेजा था और फिर बताया कि आपके खाते में गलती से 18,000 रूपये अधिक आ गये हैं। जिसके बाद साइबर ठग ने आवेदिका को अपने झांसे में लेकर कई बार में कुल 19,000 रूपये की धनराशि nykaa के QR पर ट्रांसफर कराकर खरीददारी कर ली।

## साइबर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण:-

आवेदिका उपरोक्त की **NCRP** पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर गहनता से जांच की गयी तो ज्ञात हुआ कि पीड़िता से की गयी साइबर ठगी की धनराशि का प्रयोग **Nykaa** पर खरीददारी के लिए किया गया है। जिसके बाद तत्परता से **Nykaa** कम्पनी को ईमेल के जरिये नोटिस भेजकर सभी खरीददारी के ऑर्डरों को रुकवाया गया एवं एवं 72 घण्टे के अन्दर **Nykaa** कम्पनी से कुल 14,010.34 रूपये आवेदिका के बैंक खाता में वापस कराये गये।

## कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम:-

थाना साइबर क्राइम टीम

**मीडिया सेल फतेहगढ़**

- **साइबर अपराध के प्रति जागरूकता ही बचाव है। साइबर अपराध के शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ऑनलाइन शिकायत करें अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत पंजीकृत करें या अपने नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर पहुँच कर लिखित शिकायत करें।**
- **सतर्क रहें , जागरूक रहें ।**
- **साइबर क्राइम पुलिस उत्तर प्रदेश सदैव आपकी सेवा में तत्पर है ।**

# फतेहगढ़ पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**Meticulous Investigation & Prosecution**

**#OperationConviction**

**थाना मेरापुर**

**दि0-30.09.2025**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन अभियुक्तगण को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अभियुक्तगण 1. रामऔतार पुत्र धारा सिंह निवासी व्राहिमपुर थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ़ 2. राकेश पुत्र उजागर निवासी हिरनखुदा थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ़ मु0अ0स0 128/2002 वाद संख्या 318/2002 धारा 3(1) उ0 प्र0 गैंगेस्टर थाना मोहम्मदावाद जनपद फतेहगढ में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्तगण के विरूद्ध मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार /कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए ***दिनांक 30.09.2025 को मा0 न्यायालय स्पेशल गैंगेस्टर एक्ट कोर्ट फर्रूखाबाद द्वारा अभियुक्त को दोषसिद्ध कर प्रत्येक को 06-06 वर्ष कारावास व 10-10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।***



एडीजीसी- श्री शैलेश कुमार



को0 मो0 हे0का0 राजेश कुमार



पैरोकार हे0 का0 श्याम जी

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

खबरों का दंगल लख

दंगल न्यूज

## सातनपुर मंडी में मिशन शक्ति 5.0 के तहत सामाजिक अधिकारिता शिविर का भव्य आयोजन

**केन्द्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा और प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को सम्मानित**

खबरों का दंगल संवाददाता

दीपचंद्र दीक्षित ब्यूरो चीफ

**फर्रुखाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सातनपुर मंडी जनपद फतेहगढ़ में भव्य सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने की, जबकि प्रदेश सरकार के जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह, जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी और अन्य जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में





नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न लाभार्थियों को सहायता उपकरण, प्रमाण-पत्र और सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्रदान की गई। बी.एल. वर्मा ने कहा, मिशन शक्ति नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुका है। इसका उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इस दिशा में फतेहगढ़ प्रशासन द्वारा किया गया कार्य अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम की एक और प्रमुख उपलब्धि रही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह का सम्मान। उन्हें मिशन शक्ति 5.0 के सफल क्रियान्वयन हेतु केन्द्रीय मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। श्री वर्मा ने उनके नेतृत्व में जनपद में महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा, प्रशासनिक स्तर पर मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और अन्य कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इस सामाजिक अधिकारिता शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जहां जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान की गई। इस आयोजन ने मिशन शक्ति 5.0 के सामाजिक जागरूकता और सशक्तिकरण के उद्देश्यों को मजबूती से स्थापित किया और स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की सक्रि[illegible] को भी उजागर किया।

मीडिया सेल फतेहगढ़

# मिशन शक्ति 5.0

**(सर्किल अमृतपुर)**




**1090** वीमेन पॉवर लाइन

**181** महिला हेल्पलाइन

**1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

**112** पुलिस आपातकालीन सेवा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**1930** साइबर हेल्पलाइन

**108** एम्बुलेंस सेवा

**102** स्वास्थ्य सेवा

**1098** चाइल्ड लाइन

# मिशन शक्ति 5.0




**1090** वीमेन पॉवर लाइन

**181** महिला हेल्पलाइन

**1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

**112** पुलिस आपातकालीन सेवा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**1930** साइबर हेल्पलाइन

**108** एम्बुलेंस सेवा

**102** स्वास्थ्य सेवा

**1098** चाइल्ड लाइन

# मिशन शक्ति 5.0



**1090** वीमेन पॉवर लाइन

**181** महिला हेल्पलाइन

**1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

**112** पुलिस आपातकालीन सेवा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**1930** साइबर हेल्पलाइन

**108** एम्बुलेंस सेवा

**102** स्वास्थ्य सेवा

**1098** चाइल्ड लाइन

# मिशन शक्ति 5.0 (सर्किल नगर)



1090 वीमेन पॉवर लाइन

181 महिला हेल्पलाइन

1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

112 पुलिस आपातकालीन सेवा

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

1930 साइबर हेल्पलाइन

108 एम्बुलेंस सेवा

102 स्वास्थ्य सेवा

1098 चाइल्ड लाइन

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# मिशन शक्ति 5.0

उत्तर प्रदेश पुलिस




मा0 केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री बी एल वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सम्मानित किया गया। #MissionShaktiUPP #MissionShakti5



# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

**"थाना कमालगंज की महिला सशक्तिकरण टीम द्वारा दी गयी संवेदनशीलता की मिसाल"**

दिनांक: 30.09.2025 थाना कमालगंज के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण टीम रेलवे स्टेशन कमालगंज के पास भ्रमणशील थी। इस दौरान अखिलेश पुत्र रामसिंह निवासी गदनपुर देवराजपुर थाना कमालगंज द्वारा एक पॉलीथिन बैग सौंपा गया, महिला सशक्तिकरण टीम ने तत्परता दिखाते हुए पहचान पत्र के माध्यम से बैग के वास्तविक स्वामी का पता लगाया। जांच में ज्ञात हुआ कि उक्त सामान रंजीत पुत्र फूलसिंह निवासी खेमरेगाई थाना कमालगंज का है। टीम द्वारा रंजीत को संपर्क कर उसका सामान सकुशल रूप से वापस सौंप दिया गया। इस मानवीय, संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। नागरिकों ने पुलिस टीम की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।




## थाना कमालगंज

@fatehgarhpolice

# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन







थाना शमसाबाद

@fatehgarhpolice

# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन






## थाना जहानगंज

@fatehgarhpolice

# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन






## थाना मऊदरवाजा

@fatehgarhpolice

# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन






## थाना कम्पिल

@fatehgarhpolice

# FATEHGARH POLICE

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन






## कोतवाली फर्रुखाबाद

@fatehgarhpolice